पत्रांक–बि0प्र0सु0मि0सो0/विविध–15/2010(खण्ड) सो0–733

<u>बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी</u>

<u>(सामान्य प्रशासन विभाग)</u>

प्रेषक,

आमिर सुबहानी,
प्रधान सचिव–सह–मिशन निदेशक,
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी।

सेवा में,

<u>सभी जिलाधिकारी,</u>
<u>सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,</u>
<u>सभी विभागीय प्रधान सचिव,</u>
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–10 जुलाई 2015

विषयः– **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी द्वारा संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायक द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट की अप्रत्याशित घटना के कारण चोरी/नष्ट होने पर इसकी व्यवस्था करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी द्वारा संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायक द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट की अप्रत्याशित घटना के कारण चोरी/नष्ट होने की स्थिति में सभी जिला पदाधिकारी को यह निदेश दिया जाता है कि कम्प्यूटर क्षतिग्रस्त होने अथवा चोरी होने की स्थिति में क्रय कर मिशन कार्यालय से राशि की अधियाचना की जाए। किसी भी स्थिति में कम्प्यूटर चोरी होने अथवा क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में संबंधित कार्यपालक सहायक को कम्प्यूटर खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। साथ ही ऐसे मामलों में मानदेय के भुगतान में किसी प्रकार की कटौती न की जाए। यदि कार्यालय में अन्य कोई सरकारी कम्प्यूटर सिस्टम उपलब्ध हो तो जिस कार्यपालक सहायक का कम्प्यूटर सिस्टम चोरी हुआ हो उन्हें कार्य करने हेतु उपरोक्त सिस्टम पर कार्य करने की उन्हें अनुमति दी जाए।

इस विषय पर पूर्व से निर्गत मिशन कार्यालय के पत्रांक–525 दिनांक–21.05.2013 एवं पत्रांक–612 दिनांक–17.06.2015 का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। सुलभ प्रसंग के लिए उक्त पत्रों की प्रति संलग्न है।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

10.7.15
(आमिर सुबहानी)
प्रधान सचिव–सह–मिशन निदेशक

E:prashant/officework/md

पत्रांक-बि०प्र०सु०मि०सो/ विविध-06/2013 सो0...612... दिनांक-...17/06/2015

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी

सामान्य प्रशासन विभाग

बिहार, पटना।

प्रेषक,

आमिर सुबहानी,
मिशन निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषयः- आर0टी0पी0एस0 कॉउन्टरों से कम्प्युटर आदि की चोरी की घटनाओं में हो रही वृद्धि के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आर0टी0पी0एस0 कॉउन्टरों से कम्प्युटर आदि की चोरी की घटनाओं में हो रही वृद्धि को देखते हुए निदेशित किया जाता है कि चोरी की गयी कम्प्युटर सेट्स की संख्या की जाँच कराते हुए घटना की जिम्मेदारी चिन्हित किया जाए एवं जिम्मेवार पदाधिकारियों को दंडित करते हुए मिशन कार्यालय को भी अवगत कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

16.6.15

(आमिर सुबहानी)
मिशन निदेशक

6/4/2015 विविध RTPS rj 2:35:15 PM

डॉ. बी. राजेन्दर
भा० प्र० से०
अपर मिशन निदेशक

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक- बि0प्र0सु0मि0सो0/यो.वि.-03/2012 सो0...525... दिनांक...21.05.2013

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी

विषयः- **RTPS काउन्टर पर संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायक द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट की अप्रत्याशित घटना के कारण चोरी/नष्ट होने पर इसकी व्यवस्था करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कतिपय RTPS काउन्टरों पर चोरी, आगजनी, विधि व्यवस्था की समस्या आदि जैसे अप्रत्याशित घटना के कारण काउन्टर पर मिशन कार्यालय द्वारा संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायकों द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट चोरी अथवा नष्ट हो जाता है। काउन्टर पर कम्प्यूटर सेट की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण RTPS का कार्य बाधित हो जाता है एवं कार्यनिष्पादन में व्यवधान उत्पन्न होता है।

RTPS के कार्यो को इस प्रकार की अप्रत्याशित घटना घटित होने के उपरांत पुनः तत्काल सुचारू बनाए रखने हेतु निर्णय लिया गया है किः-

"RTPS काउन्टर पर संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायक द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट यदि चोरी, आगजनी, विधि व्यवस्था की समस्या आदि जैसे अप्रत्याशित घटना के कारण चोरी/नष्ट हो जाता है, तो उस कार्यालय को जिला पदाधिकारी द्वारा समुचित कारण अंकित करते हुए अनुशंसा भेजने पर कम्प्यूटर सेट की उपलब्धता मिशन कार्यालय द्वारा करायी जाएगी। यह कम्प्यूटर सेट मिशन कार्यालय की सम्पत्ति होगी।"

अतः अनुरोध है कि उक्त निर्णयानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

Rajender
21.5.2013

(डा0 बी0 राजेन्दर)
अपर मिशन निदेशक